# अन्तर्राज्यीय अमन बाछड़ा गैंग का 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

## रक्तदंतिका मंदिर में हुई पुजारी की हत्या सहित डकैती की वारदात में चल रहा था फरार

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी जिले की हिंडोली थाना पुलिस ने 18 सितंबर 2023 को क्षेत्र के प्रसिद्ध रक्तदंतिका माता मंदिर में हुई डकैती व पुजारी की हत्या की घटना के मुख्य आरोपी अन्तर्राज्यीय लूट डकैती नकबजनी हत्या करने वाली अमन बाछड़ा गैंग के 25 हजार के इनामी आरोपी सदस्य को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि 18 सितंबर 2023 की मध्य रात्रि के बाद अज्ञात बदमाश द्वारा ग्राम सथूर में रक्तदंतिका माताजी मंदिर में पुजारियों के साथ गंभीर मारपीट करके माताजी व भैरूजी के श्रृंगार के सोने-चांदी के जेवरात व चढ़ावे के पैसे लूट कर ले गये थे। इस घटना में राजू प्रजापत को गंभीर चोट आई थी जिसे चिकित्सकों द्वारा पहले कोटा रैफर किया गया था परन्तु इलाज के दौरान राजू प्रजापत की मौत हो गई थी। जिसकी खबर सुनकर इलाके में मातम पसर गया एवं लोगों मे आक्रोश फैल गया था। जिसके फलस्वरूप राजू की लाश को रखकर उग्र प्रदर्शन किया था।

स्थिति बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता कर घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि अज्ञात बदमाश माताजी के मंदिर में सोने-चांदी के जेवर व माताजी के चढ़ावे के रुपये लूट कर ले गये। इस पर पुलिस ने लूट व हत्या की धारा में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश के नीमच जिले के मनासा गरासिया खेडी, भादवा माता, तलाउ, कुकडेश्वर, पीपलीया हाडी पीपलीया गोठा, सुन्डी, लसुडीया आतडी, बोरखेडी आदि गांव में आरोपी की तलाश शुरू की तथा इनामी बदमाश कपिल बंजारा पुत्र रूपा निवासी खेडी गरासिया थाना मनासा जिला नीमच मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कपिल बंजारा थाना पचोर जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश में भी डकैती की घटना में एक साल से फरार चल रहा था जिस पर राजगढ़ पुलिस द्वारा ईनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस अधीक्षक यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा इनामी वांछित उद्‌घोषित भगोड़े अपराधियों के लिए चलाए जा रही सौ दिवसीय कार्य योजना व अभियान के तहत गठित टीम ने मध्य प्रदेश में 10 दिन तक नीमच जिले के मनासा गरासिया खेडी, भादवा माता, तलाउ, कुकडेश्वर, पीपलीया हाडी पीपलीया गोठा, सुन्डी, लसुडीया आतडी, बोरखेडी आदि गांव में मजदूरों के बेस में रह कर ईनामी अपराधियों पर नजर रखी व अपराधी कब-कब गांव से बाहर जाते है व कब-कब गांव में वापस आते है आदि का बारीकी से अध्ययन कर आरोपी कपिल को गिरफ्तार किया।


हिंडोली थाना पुलिस ने इनामी आरोपी सदस्य को गिरफ्तार किया।

■ पुलिस टीम ने गांवों में मजदूरों के रुप में रहकर ईनामी अपराधियों पर नजर रखी थी

अन्तर्राजीय लूट डकैती नकबजनी हत्या करने वाली अमन बाछडा गैंग के 25 हजार के इनामी आरोपी सदस्य कपिल कोगिरफ्तार करने वाली टीम में सज्जन सिंह आरपीएस वृताधिकारी हिंडोली ,मनोज सिंह थानाधिकारी हिंडोली, रमेश चन्द उ.नि. पुलिस लाइन, मुकेन्द्रपाल सिंह हैड कानि. साईबर थाना बूंदी, शैलेन्द्र सिहं कानि. साईबर थाना बून्दी, रमेश जाखड़ कानि. पुलिस थाना हिंडोली, सुरेश कानि. पुलिस थाना हिंडोली शामिल रहे। मामले में हेड कांस्टेबल मुख्य केंद्र पाल सिंह साइबर थाना बूंदी की विशेष भूमिका रही।

# सांचोर नगर परिषद की बैठक में फर्जी पट्टे का मामला उठा

## पार्षदों ने बैठक में अपने-अपने वार्ड के मुद्दे उठाए

**सांचोर,** (निसं)। नगर परिषद सांचोर की बैठक सोमवार को नगर परिषद के सभापति नरेश सेठ की अध्यक्षता व विधायक जीवाराम चौधरी के मुख्य अतिथि व आयुक्त सरवन राम पालिका के प्रतिपक्ष नेता पीरचंद भंसाली उपाध्यक्ष हीराराम के मौजूदगी में हुई। जिसमें विधायक बनने पर पहली बार बैठक में पहुंचने पर माला, साफा के द्वारा सभापति आयुक्त परिषद के पार्षद में स्वागत किया।

विधायक जीवाराम चौधरी ने बताया कि नगर परिषद में सभी पार्षद को सांचौर शहर का विकास के बारे में किस प्रकार से विकास हो सके। इसके लिए बिना कोई पार्टी भेदभाव से कार्य करे जो भी प्रस्ताव जनता के हित व शहर के हित में हो उनको लाया जाये। मेरा विधायक होने के नाते मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं आपके लिए कितना बजट ला सकूं और शहर का विकास करवा सकूं यह मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके बाद नगर पालिका की बैठक का शुरू हुई। जिसमें पूर्व में बैठक के दौरान लिए गए प्रस्ताव के बारे में आयुक्त सर्वनराम चौधरी ने पढ़कर सुनाया। वहीं पार्षदों ने अपने-अपने शहर व वार्ड के मुद्दे उठाए। पार्षदों ने बताया कि फर्जी पट्टे ज्यादा दिए गए हैं। उसकी जांच की जाए। उनके ऊपर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। शहर में कहीं भूमि नगर पालिका की है जिसको सुरक्षित कर नगर पालिका का बोर्ड लगाया जाये।

पार्षद केवलचंद सेठिया ने बताया कि नगर पालिका के एसआर पंप के पीछे एक नाडी बनी है। जिसमें शहर का गंदा पानी आ रहा है। उनके एक आस पड़ौस

■ नगर परिषद सांचोर की बैठक नगर परिषद के सभापति नरेश सेठ की अध्यक्षता में हुई

में रहने वाले वाशिंदे इस पानी से घिर गए हैं। जिसकी निकासी या कर समाधान किया जाये। प्रतिपक्ष नेता पीरचंद भंसाली बताया कि शहर में कहीं फर्जी पट्टे जारी किए गए हैं। जिसकी कोई समय से निरस्त करने में जिसके विरुद्ध दर्ज करने नगर पालिका को कहा गया। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। तब विधायक जीवाराम चौधरी ने कहा कि जितने भी पट्टे जारी किए गए हैं जिसकी जांच करें विधानसभा मुद्दा उठाने की बात कही और उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच करवाने के लिए पालिका द्वारा प्रस्ताव लिया गया। जितने भी पट्टे फर्जी बने है। उनके विरुद्ध मामला दर्ज करने को कहा गया।

पार्षद विक्रम गवारिया ने बताया कि गवारिया समाज की जमीन पर भूमाफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है। पार्षद दिलीप राठी ने बताया कि पालिका के द्वारा जितनी भी टेंडर जारी किये जाये जिसकी जानकारी पार्षद को दी जाये। मोहनलाल पुरोहित ने कहा कि नर्मदा कॉलोनी के पास बने तालाब से मिट्टी खोदकर बिना नगर पालिका की अनुमति से ले जाया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाये। इसी दौरान हरीश दर्जी, मोहनलाल पुरोहित, दिनेश वैष्णव, निर्मला बिश्नोई, कपूरचंद संघवी मौजूद रहे।

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता श्रवण राम बिश्नोई ने बताया कि नगर पालिका के अंदर रोड लाइट जल रही है। जिसके टाइमर सही नहीं होने की वजह से पूरे दिन लाइट चालू रहती है, जो बिजली का उपयोग सही नहीं होने से नगर पालिका में विद्युत विभाग के ढाई करोड रुपए केवल बकाया है। जिसको भरा जाए और नगर पालिका के द्वारा लगाई गई रोड लाइट है स्ट्रीट लाइट है जितने भी है उनके टाइमर को सही किया जाये। जिससे फिजूल खर्ची नहीं होगी।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार

**छबड़ा,** (निसं)। छबडा-छीपाबड़ौद रोड पर चावलखेड़ी तिराहे के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बारां रेफर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छीपाबड़ौद से छबड़ा आते समय चावलखेड़ी तिराहे के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। इस दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार कोटा निवासी रामप्रकाश मीना के गंभीर चोटें आई और अन्य चार लोगों के साधारण चोटें आई। इस पर गंभीर घायल को बारां रैफर कर दिया और अन्य घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी।

# कोटा रेल मंडल ने 1200 करोड़ का राजस्व अर्जित किया

**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-2024 के नौ माह यानि दिसम्बर 2023 तक में मण्डल को कुल रुपये 1200 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 1148.55 करोड़ से 4.48 प्रतिशत अधिक है जबकि कोटा मंडल में केवल दिसम्बर माह में 124.72 करोड़ रूपये की आमदनी हुई है।

अब तक इस वित्तीय वर्ष के आय में 203.98 लाख बुक किये गए यात्रियों से रुपये 371.54 करोड़, अन्य कोचिंग से रुपये 30.11 करोड़, माल परिवहन से रुपये 718.22 करोड़, विविध आय रुपये 31.38 करोड़ शामिल है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने कहा कि हम टीम भावना से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि कोटा मण्डल रेल प्रशासन अपने सम्माननीय रेल उपभोक्ताओं को शिकायत रहित सेवा प्रदान करने के प्रति कृत संकल्प है।

# टॉवर से बैटरी चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**छबड़ा,** (निसं)। तीतरखेड़ी में लगे इंडस कंपनी के मोबाईल टॉवर से एक सप्ताह पूर्व बेटरी चुराने के मामले में बापचा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया।

बापचा थानाधिकारी राधाकिशन के अनुसार आरएस सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाईजर रामावतार मालव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि इंडस मोबाईल कंपनी का एक टॉवर तीतरखेड़ी गांव में लगा हुआ हैं, जिस पर वह सुपरवाईजर के पद पर तैनात हैं। पांच जनवरी की रात को अज्ञात चोर केबीनेट का लॉक तोड़कर दो बेट्री बैंकों से 48 सेल चुराकर ले गए थे। इस प्रकरण में डीएसपी तरूणकांत सोमानी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया और जांच में एक बोलेरो गाड़ी घटना में लिप्त पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बेट्री चुराने के मामले में टॉवर कॉलोनी निवासी विकास पुत्र मथुरालाल बैरवा व कसाई मोहल्ला अरबाज पुत्र हसीन षाह फकीर को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी जुटाने व बेट्री बरामदगी के प्रयास कर रही हैं।


चोरी के मामले में बापचा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई

बूंदी, (निसं)। जिले में अवैध खनन, निर्गमन तथा भण्डारण के विरूद्ध शुरू किए गए अभियान के पहले दिन खनि विभाग की टीम ने हिंडोली क्षेत्र के त्रिशूल्या और हुवालिया के समीप कार्रवाई करते हुए अवैध खनन और परिवहन में प्रयोग लिए जा रहे चार डंपर, एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर हिंडोली थाने में संभलवाई है। कार्रवाई के दौरान 6 लाख 27 हजार 900 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। सहायक खनि अभियंता खेतन प्रकाश मीणा ने बताया कि हिंडोली क्षेत्र के हुवालिया के समीप से अवैध परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे 4 डम्परों तथा त्रिशुल्या में मुर्रम का अवैध खनन करते हुए एक जेसीब तथा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर हिंडोली थाने के सुपुर्द किया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 6 लाख 27 हजार 900 रूपए का जुर्माना किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन, परिवहन और निर्गमन के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# मनरेगा मजदूरों ने काम की मांग की

## क्षेत्रीय विधायक एवं उपखंड अधिकारी को मनरेगा मजदूरों ने दिया ज्ञापन

**भीम,** (निसं)। भीम नगरपालिका में राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन से जुड़े मजदूर एवं अन्य शहर के निवासी भी शहरी रोजगार गारंटी योजना में रोज़गार के लिए चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है इससे पहले ये ग्राम पंचायत थी तो आसानी से महात्मा गांधी नरेगा में काम मिल जाता था लेकिन अब लम्बे समय से काम नहीं मिल रहा है। सभी मजदूर पाटिया का चौड़ा में इकट्ठा हुए और वहां से भीम के बाज़ारों में से रैली निकाली जो डाक बंगला, ट्रक चौराहा, सूजाजी का चौक होती हुई उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने पहुंची जहाँ पर विभिन्न वक्ताओं और मजदूर साथियों ने अपनी बात रखी।

राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन से जुड़ी हेमलता, रेखा, डाली और सोनू और अन्य साथियों ने कहा कि हम कब तक चक्कर लगायें ये हमें भी समझ में नहीं आ रहा है, कितने ही चक्कर लगाने के बाद भी हमारे जॉब कार्ड नहीं बनाये जा रहे हैं और काम नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब देवगढ और ब्यावर में काम चल रहा है तो भीम में क्यों नहीं चल रहा है ये हमारे समझ में नहीं आ रहा है। राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष शंकर सिंह ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी एवं विकास अधिकारी से कई बार मिलकर मौखिक रूप से और 3 बार लिखित में रोज़गार उपलब्ध कराये जाने की मांग कर चुके हैं लेकिन आज तक ना तो जॉब कार्ड बनाये गए और ना ही रोज़गार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल रहे हैं जिसका खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन के सचिव बालूलाल ने कहा कि यदि मजदूरों को 125 दिन का रोज़गार नहीं मिलता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ये सरकार को तय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक रोज़गार नहीं मिलता है तब तक हमारा संघर्ष आरी रहेगा। महिलाओं और यूनियन के पदाधिकारियों ने मिलकर स्थानीय विधायक हरिसिंह रावत को काम की मांग और जॉब कार्ड बनाये जाने को लेकर ज्ञापन दिया जिस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्च अधिकारियों को फ़ोन किया।

इस मौके पर उपखंड अधिकारी पूनम को भी ज्ञापन दिया गया आज की वार्ता के आशाराम पर मज़दूरों ने निर्णय लिया कि अगले सात दिनों में यदि उपयुक्त करवाई नहीं हो पायी तो 23 जनवरी, 2024 से पंचायत समिति के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। इस मौके पर मजदूर किसान शक्ति संगठन के साथी रूप सिंह, विनीत, लक्ष्मी चौहान, श्रिया सिंह, रुकमा देवी तथा राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन से निर्मला, वनिता, पिंकी, सोनू तथा भीम नगरपालिका के मजदूर साथी उपस्थित हुए।

गौरतलब है कि स्वायत्त शासन विभाग द्वारा भीम को नगरपालिका बना दिया गया है। उसके बाद से यहां पर महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोज़गार मिलना बंद हो गया है। राज्य में शहरी क्षेत्र में रोज़गार हेतु इंदिरा गाँधी शहरी रोज़गार योजना चालू है जिसे राज्य विधानसभा द्वारा कानूनी रूप भी दिया जा चुका है। नगरपालिका भीम के कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी एवं विकास अधिकारी भीम को जॉब कार्ड बनाये जाने एवं रोज़गार उपलब्ध कराये जाने का आग्रह कई बार मौखिक रूप से करने बाद 18 दिसम्बर 2023, 8 जनवरी 2024 और 11 जनवरी 2024 को लिखित में अवगत करा चुके हैं।



भीम में राजस्थान असंगठित मजदूर यूनियन से जुड़े मजदूरों व मनरेगा मजदूरों ने रैली निकाली।

■ 'जब तक रोज़गार नहीं मिलता है तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा'

# ख्वाजा की दरगाह पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चादर पेश

## राजनाथ सिंह ने देश में अमन-चैन और खुशहाली की कामना की

**अजमेर,** (कासं)। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के मुबारक मौके पर सोमवार का चादर दरगाह में पेश हुई। इसके पश्चात बुलन्द दरवाजे पर राजनाथसिंह का संदेश पढ़कर सुनाया गया।

रक्षामंत्री की ओर से यह चादर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने पेश की। इसके बाद उन्होंने बुलन्द दरवाजे पर राजनाथ सिंह का संदेश पढ़कर सुनाया। जिसमे लिखा कि आपसी भेदभाव भुलाकर सोहर्द्र पूर्ण जीवन जीने का सन्देश गरीब नवाज ने दिया है। राजनाथ सिंह ने देश में अमन चैन के साथ देश मे खुशहाली बनी रहे, सभी भाईचारे के साथ रहे ऐसी कामना के साथ सभी को उर्स की मुबारकबाद दी।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से अजमेर दरगाह में चादर पेश हुई।

# ख्वाजा साहब के 812वें उर्स पर पाक जायरीन जियारत करने पहुंचे


## पाकिस्तान से आए 233 जायरीन व पाकिस्तान एंबेसी के तीन अधिकारी अजमेर पहुंचे

**अजमेर,** (कासं)। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का 812वा उर्स शुरू हो चुका है, जिसमें देश और दुनिया के कोने-कोने से जायरीन दरगाह जियारत के लिए अजमेर पहुंच रहे हैं।

वहीं सोमवार को पाकिस्तानी जायरीन का जत्था अमृतसर से स्पेशल ट्रेन के जरिए अजमेर पहुंचा। इस दौरान अजमेर रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से खाली करवाया गया और किसी भी यात्री को एक नंबर प्लेटफार्म पर प्रवेश नहीं दिया गया। पाक जायरीन को भी मीडिया से बात करने पर पाबन्दी लगाई गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच यह दल ट्रैन के माध्यम से दोपहर दो बजे अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचा। पाक जायरीन की ट्रैन लगभग पाँच घंटे देरी से पहुंची जिसके बाद पाकिस्तान से आए 233 जायरीन व पाकिस्तान एंबेसी के तीन अधिकारी अजमेर पहुंचे जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बसों में बैठाकर सेंट्रल गर्ल्स स्कूल पहुंचाया गया। जहां उन्हें ठहराने की व्यवस्था की गई हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों ने जायरीन के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है।

■ अजमेर रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से खाली करवाया गया और किसी भी यात्री को एक नंबर प्लेटफार्म पर प्रवेश नहीं दिया गया

■ 17 जनवरी को पाकिस्तान की ओर से ख्वाजा साहब को चादर पेश की जाएगी



पाकिस्तानी जायरीन का जत्था अमृतसर से स्पेशल ट्रेन के जरिए अजमेर पहुंचा।

गौरतलब है कि हर साल पाकिस्तान से उर्स मेले में शिरकत करने पाकिस्तान से जायरीन आते हैं। जानकारी के अनुसार इस बार करीब 500 पाक जायरीन ने भारत आने के लिए आवेदन किया था लेकिन दस्तावेजों की पूर्ति के बाद 233 जायरीन को भारत आने की अनुमति है। इस दौरान पाक जायरीन ने अजमेर में आकर अपनी खुशी का इजहार किया और कहा कि अजमेर आकर उन्हें दिली सुकून मिला है। वहीं कुछ जायरीन ने कहा कि उनका राजस्थान और भारत की मिट्टी से पुराना रिश्ता हैं इसीलिए वह भारत आते हैं। वहीं कुछ जायरीन की अजमेर पहुंचते ही आँखें नम हो गई।

जायरीन के द्वारा भारत सरकार का शुक्रिया भी अदा किया गया और तमाम व्यवस्थाओ को अच्छा बताया। पाकिस्तान से जायरीन मखमली चादर व चांदी का ताज लेकर आए हैं ओर 17 जनवरी को पाकिस्तान की ओर से चादर पेश की जाएगी। अजमेर एसपी ने कहा की पाकिस्तान से आए जायरीन को हमने सेंटर गर्ल्स स्कूल में ठहराया हैं और उन्हें पहले ब्रेफिंग की जाएगी साथ ही किसी भी जायरीन को सिम कार्ड नहीं खरीदने दिया जाएगा ना ही उन्हें अजमेर शहर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।